समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# दिल्ली मे 5000 करोड़ की लागत से बनेगा 20 किमी लंबा फ्लाईओवर, साउथ दिल्ली के ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत।

Publisher Published on 11 Jun 2025



## एम्स से महिपालपुर और फरीदाबाद-गुड़गांव रोड को जोड़ेगा नया एलिवेटेड कॉरिडोर, केद्रं सरकार की नई योजना से साउथ दिल्ली को मिलेगी बड़ी सौगात।

**नई दिल्ली**: दिल्लीवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम परियोजना को मंजूरी दी है। राजधानी दिल्ली के दक्षिणी हिस्से में **20 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर (फ्लाईओवर)** बनाया जाएगा जिसकी लागत करीब **₹5,000 करोड़** बताई जा रही है। यह **फ्लाईओवर एम्स, महिपालपुर, वसंत कुंज, द्वारका एक्सप्रेसवे** और **गुड़गांव-फरीदाबाद रोड** को आपस में जोड़ेगा।

**किन इलाकों को मिलेगा फायदा ?**

इस कॉरिडोर के निर्माण से **दक्षिण दिल्ली के एम्स, लाजपत नगर, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, महिपालपुर** और **एयरपोर्ट** जाने वाले यात्रियों को भारी राहत मिलेगी। मौजूदा समय में इन क्षेत्रों में हर रोज ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या देखी जाती है। यह नया **कॉरिडोर सिग्नल-फ्री होगा, जिससे यात्रा का समय और ट्रैफिक दोनों मे कमी आएगी**।

**फ्लाईओवर का स्ट्रक्चर और विस्तार**

**शुरुआत : एम्स, दिल्ली**

**रूट : रिंग रोड, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग**

**अंत : महिपालपुर से होकर गुड़गांव-फरीदाबाद रोड तक विस्तार**
**प्रमुख सुविधा : 5 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड टनल जो एयरपोर्ट को द्वारका एक्सप्रेसवे से जोड़ेगी**

**एनएचएआई (National Highways Authority of India)** के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट **दिल्ली** और **नोएडा-गुड़गांव** यात्रियों के लिए एक समानांतर वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा।

### ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान ?

**एनएच 48 (दिल्ली-गुड़गांव हाईवे)** पर भारी ट्रैफिक की वजह से **नोएडा, फरीदाबाद** और **गाजियाबाद से दिल्ली एयरपोर्ट** जाने वाले लोगों को अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नया **फ्लाईओवर रिंग रोड** और **आउटर रिंग रोड** के बोझ को कम करेगा और **साउथ-वेस्ट दिल्ली की कनेक्टिविटी** को बेहतर बनाएगा।

### भविष्य की योजनाएं भी शामिल

रिपोर्ट्स के अनुसार, **नादिरा मार्ग, महरौली-गुड़गांव रोड** और अन्य प्रमुख स्थानों को इस कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। इससे **दिल्ली** और **गुड़गांव** के बीच एक समानांतर **कॉरिडोर** विकसित होगा जो लंबे समय तक राजधानी की ट्रैफिक समस्या का समाधान करेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.